कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर

चतुर्थ दीक्षांत समारोह (11.03.2023)

स्थानः डॉ. पी. जोशी सभागार, विश्वविद्यालय परिसर

उपाधि व पदक प्राप्तकत्ताओं को समारोह सम्बन्धी निर्देश

I. समस्त उपाधिधारकों को दिनांक 10.03.2023 को प्रातः 11 बजे कृषि अनुसंधान केन्द्र, मण्डोर में आकर अपना अपर्णा (स्टॉल) प्राप्त करना है तथा उपस्थिति दर्ज करानी है।

II. दिनांक 10.03.2023 को दोपहर 11:30 बजे डॉ पी. जोशी सभागार, कृषि अनुसंधान केन्द्र, मण्डोर प्रांगण में उपस्थित हो कर **पूर्वाभ्यास (रिहर्सल) में सभी को भाग लेना अनिवार्य है अन्यथा अगले दिन मुख्य समारोह में भाग नहीं लेने दिया जायेगा।**

III. स्वर्ण पदक विजेताओं को अपने परिवार के दो सदस्यों (माता/पिता/भाई/बहिन) को दीक्षान्त समारोह में लाने की अनुमति है, जिस हेतु 10.03.2023 को परीक्षा नियंत्रक स्टाफ से पास लेना आवश्यक है। पास के अभाव में पारिवारिक सदस्यों को समारोह में प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

दिनांक 11.03.2023 के मुख्य समारोह सम्बन्धी विशेष निर्देश

CONTROLLER OF EXAMINATION A.U. JODHPUR

1. **दीक्षान्त समारोह में भाग लेने हेतु ड्रेस कोड (Dress Code) निर्धारित हैं**
   छात्र/पुरूषः– सफेद कलर के पेन्ट–शर्ट, सफेद कलर के मौजे एवं काले जुते
   छात्रा/महिलाः– सफेद कलर का सलवार–सुट मय महरून कलर की चुन्नी एवं काले सैन्डिल/स्लिपर
2. **दीक्षान्त समारोह के दिन उपाधि प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों से किसी प्रकार का शुल्क नही लिया जायेगा। दीक्षान्त समारोह के पश्चात उपाधि प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों से नियमानुसार शुल्क लिया जायेगा।**
3. समस्त उपाधिधारकों व पदक विजेताओं को 11.03.2023 को प्रातः 10.00 बजे तक सभागार में निर्धारित गणवेश में प्रवेश लेकर अपनी आरक्षित सीट पर स्थान ग्रहण करना आवश्यक है।
4. समारोह में बच्चों का प्रवेश वर्जित है।
5. **समारोह में मोबाइल व कैमरा लाने पर पूर्ण प्रतिबन्ध है। ऐसा करने पर मोबाइल/कैमरा अपनी स्वयं की जिम्मेदारी पर सभागार के बाहर रखना होगा।**
6. **समारोह में स्वयं या परिवारजन द्वारा व्यक्तिगत फोटोग्राफी व वीडियोग्राफी पूर्णरूप से वर्जित है। ऐसा करने का प्रयास करने पर प्रशासन कठोर कार्यवाही करेगा जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी आपकी स्वयं की होगी।**
7. समारोह के दौरान आपस में बातचीत नहीं करें ताकि समारोह में व्यवधान न हो।
8. समारोह के आरम्भ में माननीय राज्यपाल महोदय के साथ अकादमिक प्रोसेशन का सभागार में प्रवेश होगा, इस समय सभी को खड़े रहना हैं।
9. माननीय राज्यपाल महोदय के मंच पर आगमन पर राष्ट्रगान होगा। इसके बाद राज्यपाल महोदय द्वारा आसन ग्रहण करने के बाद ही आप अपना स्थान ग्रहण करें। इसके बाद विश्वविद्यालय के कुलगीत वादन के दौरान अपने स्थान पर बैठे रहें।
10. संकायाध्यक्ष द्वारा स्नातक उपाधिधारकों को अपने स्थान पर खड़े रहने का निर्देश मिलने पर सभी संकाय के बी. एस.सी. के उपाधिधारकों को दीक्षा लेने हेतु खड़े होना है। राज्यपाल महोदय द्वारा दीक्षा देने के बाद सभी को पुनः बैठना है।
11. संकायाध्यक्ष द्वारा स्नातकोत्तर के उपाधिधारकों को दीक्षा लेने हेतु खड़े होना है।
12. संकायाध्यक्ष द्वारा स्नातकोत्तर के उपाधिधारकों को पुकारने पर कतार में एक के बाद एक मंच पर आकर उपाधि ग्रहण करनी है।
13. संकायाध्यक्ष द्वारा विद्यावाचस्पति के उपाधिधारकों को दीक्षा लेने हेतु खड़े होना है।
14. संकायाध्यक्ष द्वारा विद्यावाचस्पति के उपाधिधारकों को पुकारने पर कतार में एक के बाद एक मंच पर आकर उपाधि ग्रहण करनी है।
15. परीक्षा नियत्रंक द्वारा स्वर्ण पदक विजेताओं को पुकारने पर अपने स्थान स्वर्ण पदक लेने हेतु खड़े होना है।
16. इसके बाद परीक्षा नियत्रंक द्वारा स्वर्ण पदक विजेताओं को पुकारने पर कतार में एक के बाद एक करके मंच पर आकर पदक ग्रहण करना है।
17. समारोह के अंतिम चरण में राष्ट्रगान हेतु सभी को अपने स्थान पर खड़े होना है तथा अकादमिक प्रोसेशन के सभागार से वापसी तक खड़े रहना हैं।
18. दीक्षांत समारोह की समाप्ति पर, कृषि के स्नातक, स्नातकोत्तर एवं विद्यावाचस्पति के उपाधि धारक अपनी उपाधि परीक्षा नियंत्रक से अपराह्न 3 से 5 बजे के मध्य प्राप्त कर सकेंगे।

समन्वयक, दीक्षान्त समारोह